Bal Bharati PUBLIC SCHOOL
Sector-21, Noida, G.B. Nagar

हिंदी दिवस
बाल सभा गतिविधि रिपोर्ट
पौराणिक कथा - चरित्र मंचन

" जब तक संस्कृति है तब तक आस है ,
बिना संस्कृति मानवता का विनाश है। "

हिंदी दिवस गतिविधि के अंतर्गत १३ सितम्बर २०२३ को बाल भारती स्कूल, नोएडा के कक्षा २ के सभी विद्यार्थियों ने पौराणिक कथा आधारित गतिविधि में भाग लेते हुए विभिन्न चरित्रों का अभिनय कर अपने अभिनय कौशल का परिचय दिया। यह गतिविधि दो चरणों में पूर्ण हुई। पहले चरण में निर्णायक चरण हेतु विद्यालय के सभी सदनों के ६-६ विद्यार्थियों का चयन किया गया और फिर सदन इंचार्ज द्वारा अंतिम चरण में पहुँचने वाले हर सदन के १-१ विद्यार्थी का चयन किया गया। स्पर्धा के नियम पहले से साझा किये जा चुके थे। अंतिम चरण में पहुँचने वाले विद्यार्थियों को कड़ी स्पर्धा से गुज़र कर सफलता प्राप्त हुई।

हमारी प्रेरणास्त्रोत एवं मार्गदर्शिका

अंतिम चरण में प्राथमिक विभाग की प्रधानाचार्या श्रीमती विनया पुजारी और जज श्रीमती मंजू मालकोटी ने अपनी उपस्थिति द्वारा कार्यक्रम को गौरवान्वित कर , सभी फाइनलिस्ट छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

जज' महोदया और निर्णायक क्षण

अंतिम चरण में पहुँचने वाले सभी विद्यार्थियों ने सुन्दर वेशभूषा द्वारा निभाए जाने वाले चरित्र में प्राण डाल दिए और अपनी कला का परिचय देते हुए उत्कृष्ट अभिनय किया। जज महोदया के लिए निर्णय लेना सरल नहीं था। सभी फाइनलिस्ट ने एक से बढ़कर एक अभिनय प्रस्तुत कर दर्शकों को अचंभित और मंत्रमुग्ध कर दिया। यह दृश्य मनमोहनीय था और सभी टकटकी लगाए चरित्र मंचन का आनंद ले रहे थे।

इस गतिविधि का उदेश्य कक्षा के नीरस वातावरण को जीवंत कर बच्चों में हिंदी भाषा के प्रति उत्साह एवं रूचि बढ़ाना और अपने गौरवशाली इतिहास और अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक करना था। विद्यार्थियों का उत्साह देखने लायक था। अभिभावकों की प्रतिक्रिया सराहनीय थी। हमारा विद्यालय ऐसी प्रायोगिक ज्ञान गतिविधियों का समर्थन करता है। ऐसी गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होती हैं। भविष्य में हम ऐसी और उत्कृष्ट गतिविधियों का आयोजन करते रहेंगे।

बेहतरीन पलों का उत्कृष्ट नमूना

श्रेष्ठ अभिनय की प्रस्तुति

मंत्रमुग्ध दर्शक एवं बाल कलाकार

बाल सभा परिणाम

अंतर सदन

तिथि : 13 - 09 – 2023
गतिविधि- पौराणिक कथा

कक्षा	नाम	हाउस	पद
II D	सायशा ठुकराल	शिवाजी	प्रथम
II D	अक्ष पांडेय	अशोका	द्वितीय
II F	आरुष मित्तल	टैगोर	तृतीया
II C	रुद्राक्ष मिश्रा	रमन	तृतीया

संयोजिका :
श्रीमती पूजा कपूर

पर्यवेक्षक :
श्रीमती विनया पुजारी